हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, रविवार, 28 जून 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 23.2 डिग्री

4
घर-घर कचरा संग्रहण को बढ़ावा देने छिंद पहुंची कलेक्टर



**खबर संक्षेप**

### लकवा बीमारी से पीड़ित ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** लंबे समय से लकवा बीमारी से पीड़ित ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम पंपापुर खुटनपारा निवासी सीधारण सिंह पैकरा आ. स्व. घुरन सिंह पैकरा (61 वर्ष) लंबे समय से लकवा बीमारी से पीड़ित था। 25 जून को तबीयत ज्यादा खराब हो जाने पर परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार कराने के लिए लेकर आ रहे थे तभी उसकी रास्ते में मौत हो गई। परिजन वृद्ध को लेकर आपातकालीन केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। इधर संदिग्ध हालत वृद्ध की मौत हो जाने पर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### चोरों ने पार किया नकदी व मोबाइल

**अम्बिकापुर।** भैयाथान सूरजपुर रोड स्थित मोबाइल दुकान का ताला तोड़ चोरों ने नगदी सहित कीमती मोबाइल चोरी कर ले गए। झिलमिल थाना अंतर्गत ग्राम करकोटी निवासी ऋषभ पांडेय आ. सुरेन्द्र पाण्डेय (25 वर्ष) हर रोज की भांति 24 जून को सूरजपुर रोड स्थित अपने मोबाइल दुकान को बंद कर घर चला गया। दूसरे दिन सुबह पड़ोसी दुकानदार शाहिद ने फोन कर बताया कि उसके मोबाइल दुकान का ताला टूटा हुआ है। संचालक दुकान पहुंचा तो देख दुकान में सामान बिखरे हुए है। जब दुकान के काउंटर में रखा नकद 3 हजार रुपए के अलावा दुकान में रखे कीमती मोबाइल गायब थे। संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### बाइक से गिरी वृद्धा की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** नाती के साथ बाइक से शहर स्थित बैंक से रुपए निकाल कर घर जा रही थी। इसी बीच रास्ते में बाइक चालक ने साइकिल सवार को बचाने के चक्कर नियंत्रण खो दिया जिससे वृद्धा सड़क पर गिर गई। दुर्घटना में गंभीर हुई वृद्धा की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। बतौली थाना अंतर्गत ग्राम करदना स्कूल पारा निवासी निम्हा मझवार पति भजन मझवार (60 वर्ष) 25 जून की सुबह नाती मोतीलाल के साथ बाइक से शहर स्थित बैंक में पैसा निकालने आई थी। बैंक से पैसा निकालने के बाद दोनों वापस घर जाने लगे। जैसे ही पहाड़ चिरगा के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे साइकिल सवार गंगाराम को बचाने के चक्कर में मोती लाल बाइक से नियंत्रण को बैठा जिससे पीछे बैठी वृद्धा सड़क पर गई वहीं साइकिल से बाइक के टकरा जाने से मोतीलाल घायल हो गया। मोतीलाल ने घायल नानी को गंगाराम के साथ शांतिपारा अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही घटना की सूचना निम्हा के पुत्र जगत राम को दी।

## नहीं हो पाई है मृतक की शिनाख्त

# दो बाइकों की भिड़ंत, एक युवक की मौके पर ही मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में शनिवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। पत्थलगांव थाना क्षेत्र के शेखरपुर में दो बाइकों की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे की सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांसाबेल भेजा गया। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। घटना की जानकारी मिलने पर पत्थलगांव पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई शुरू की। पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी हुई है। मृतक और घायलों की पहचान की प्रक्रिया जारी है।



## पेड़ से टकराकर बाइक सवार युवक घायल, अंबिकापुर रेफर

जिले के पत्थलगांव थाना क्षेत्र के किलकिला सागौन बाड़ी के समीप तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। हादसे में बाइक सवार युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल की पहचान सीतापुर थाना क्षेत्र के डेढ़ीटोली निवासी जितेंद्र सिंह पिता बेचन सिंह उम्र 35 वर्ष के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार युवक पत्थलगांव की ओर से किलकिला की तरफ जा रहा था। दुर्घटना में युवक के सिर में गंभीर चोट आई है।

स्थानीय लोगों ने तत्काल 108 एंबुलेंस की सहायता से उसे सिविल अस्पताल पत्थलगांव पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से युवक गंभीर, एक मवेशी की मौत

जिले के पत्थलगांव थाना क्षेत्र के बटुराबहार गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि एक मवेशी की मौत हो गई। घायल युवक की पहचान निर्मल कंडरा के रूप में हुई है। घायल के भाई नरसिंह कंडरा ने बताया कि बारिश के दौरान निर्मल घर में था और अचानक आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने तत्काल उसे उपचार के लिए



सिविल अस्पताल पत्थलगांव पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया। उसकी हालत पर चिकित्सकों की निगरानी रखी जा रही है। इसी घटना में आकाशीय बिजली गिरने से एक मवेशी की भी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। प्रशासन ने बारिश और गर्जना के दौरान लोगों से सतर्क रहने तथा सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।



## श्रीराम सेल्स के दो गोदाम सील दस्तावेज दिखाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

कृषि विभाग पत्थलगांव ने श्रीराम सेल्स अंबिकापुर रोड पत्थलगांव की रायगढ़ व अंबिकापुर रोड स्थित गोदाम को सील कर दिया है। साथ ही संबंधित दुकानदार क़ो दो दिवस के भीतर गोदाम से संबंधित दस्तावेज, धान, मक्का, जैविक खाद के बिल और प्रिंसिपल सर्टिफिकेट मांगा गया है 1

■ कृषि विभाग के अफसरों ने पत्थलगांव में की कार्रवाई

मिली जानकारी के अनुसार श्रीराम सेल्स अंबिकापुर रोड पत्थलगांव द्वारा रायगढ़ रोड स्थित गोदाम में धान बीज, मक्का बीज, जैविक खाद एवं अंबिकापुर रोड स्थित गोदाम में धान बीज का भण्डारण किया गया था। दोनों गोदामों का कृषि विभाग से अनुमति नहीं ली गई थी और न ही भण्डारण की सूचना दी गई थी। जिसके कारण दोनों गोदाम क़ो अवैध मानते हुए कृषि विभाग पत्थलगांव द्वारा सील किया गया है। साथ ही संबंधित दुकानदार क़ो दो दिवस में गोदाम से संबंधित दस्तावेज, धान, मक्का, जैविक खाद के बिल और प्रिंसिपल सर्टिफिकेट मांगा गया है। दस्तावेजों एवं सामग्री के सत्यापन के बाद विभाग द्वारा आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में विभाग से आरके पैकरा अनुविभागीय अधिकारी, जीवन एक्का वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, मंत्री राम राठिया, जगसाय सिंह सिदार कृषि विकास अधिकारी उपस्थित थे।

## आवासीय परिसरों में रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट करें स्थापित

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य घर-घर में सौर ऊर्जा का उपयोग कर बिजली बिल में कमी लाना है। इस योजना के तहत, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के सभी उपभोक्ताओं को अपने आवासीय परिसरों में रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट स्थापित करने की सलाह दी जाती है।



सोलर प्लांट की क्षमता के अनुसार केन्द्र और राज्य शासन द्वारा अनुदान दिया जाएगा। जैसे 1 केव्ही प्लांट के लिए 45,000 रूपए दिया जाएगा। जिसमें केन्द्र का 30 हजार और राज्य 15 हजार अनुदान होगा। इसी प्रकार 2 केव्ही प्लांट के लिए 90,000 रूपए है। इनमें केन्द्र का 60,000, राज्य का 30,000, 3 केव्ही प्लांट या अधिक के लिए 1,08,000 इनमें केन्द्र का 78,000, राज्य 30,000 अनुदान होगा। बैंक द्वारा लोन की सुविधा 3 केव्ही तक क्षमता के सोलर प्लांट के लिए 6 प्रतिशत ब्याज दर पर 10 वर्षों के लिए लोन उपलब्ध है, जिसका मासिक ईएमआई सामान्य मासिक बिल से कम है। पीएम सूर्यघर मुक्त बिजली योजना ऑनलाइन पोर्टल पर लॉग ऑन कर या नजदीकी वितरण केन्द्रों, उप-संभाग, संभागीय कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। प्रति केव्ही कुल खर्च लगभग 65,000 है। इस योजना का लाभ उठाकर अपने बिजली बिल में कमी ला सकते हैं और सौर ऊर्जा का उपयोग करके पर्यावरण की रक्षा में भी योगदान कर सकते हैं।

■ सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक हो उपयोग

## जन्म-मृत्यु पंजीकरण के लिए सूचना जारी, नागरिकों को मिली राहत

**जशपुरनगर।** जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय जशपुर द्वारा जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण से जुड़े मामलों में आम नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार यदि किसी व्यक्ति को जन्म-मृत्यु पंजीकरण प्रकरण में संबंधित रजिस्ट्रार द्वारा पारित आदेश से असंतोष है, तो वह नियमानुसार जिला रजिस्ट्रार के समक्ष अपील प्रस्तुत कर सकता है। इसी तरह जिला रजिस्ट्रार के आदेश से असंतुष्ट होने पर व्यक्ति को मुख्य रजिस्ट्रार, छत्तीसगढ़ तथा संचालक, आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय, रायपुर के समक्ष अपील करने का अधिकार होगा। यह व्यवस्था जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण संबंधी प्रावधानों के अंतर्गत उपलब्ध है। कार्यालय की ओर से बताया गया कि अपील प्रस्तुत करते समय संबंधित आदेश की प्रति, आवश्यक अभिलेख तथा अपना पक्ष स्पष्ट रूप से संलग्न करना अनिवार्य होगा।

## जिले में एक हजार से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की दो बूंद

**जशपुरनगर।** जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का आयोजन रविवार 28 जून को किया जाएगा। अभियान के तहत जन्म से 5 वर्ष तक के 1 लाख 15 हजार 726 बच्चों को पोलियो की जीवनरक्षक खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।


तीन दिवसीय अभियान के प्रथम दिवस 28 जून को जिले के सभी पोलियो बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, जबकि 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक देगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए जिले भर में 1,205 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। इन बूथों पर स्वास्थ्य व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों सहित कुल 4,464 कर्मी सेवाएं देंगे, जबकि 224 सुपरवाइजर अभियान की सतत निगरानी करेंगे। बस स्टैंड, ट्रांजिट प्वाइंट, मेला-हाट, ईंट-भट्ठों, निर्माणाधीन स्थलों एवं अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में बच्चों तक पहुंचने के लिए विशेष मोबाइल टीमों का भी गठन किया गया है।

### ये है लक्षित बच्चों की संख्या

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ गौरव सिंह ने बताया कि जिले में विकासखंडवार लक्षित बच्चों की संख्या में पत्थलगांव 26,089, फरसाबहार 14,673, कांसाबेल 10,273, बगीचा 23,446, कुनकुरी 12,984, दुलदुला 6,926, मनोरा 8,285 तथा जशपुर 13,049। इसी प्रकार विकासखंडवार पोलियो बूथों की संख्या क्रमशः पत्थलगांव में 192, फरसाबहार में 147, कांसाबेल में 84, बगीचा में 219, कुनकुरी में 152, दुलदुला में 92, मनोरा में 146 तथा जशपुर में 173 निर्धारित की गई है।

## ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों के लिए किसान कराएं बीमा

**जशपुरनगर।** आगामी खरीफ एवं रबी में अपने फसलों का बीमा कराने एवं फसलों पर फंगीसाईड का छिड़काव करने की अपील किसानों से की गई है। किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत केवल बेसिक बीमा ही करवाते हैं लेकिन बदलती जलवायु परिस्थितियों को देखते हुए ऐड-ऑन सुरक्षा लेना अनिवार्य हो गया है। बेसिक बीमा हमेशा व्यापक आपदाओं को कवर करता है, लेकिन ऐड-ऑन के माध्यम से ओलावृष्टि जैसी स्थानीय घटनाओं के लिए अलग से सुरक्षा पा सकते हैं। बहुत ही मामूली अतिरिक्त प्रीमियम भुगतान करके किसान अपनी पूरी लागत को सुरक्षित कर सकते हैं। सहायक संचालक उद्यान जशपुर का किसानों से विशेष अपील की है कि ओलावृष्टि जैसी अनिश्चत घटनाओं से बचने के लिए फसल बीमा में ऐड-ऑन कवर का विकल्प जरूर चुनें।




## कलेक्टर के मार्गदर्शन में शिक्षा गुणवत्ता के लिए पहल

# प्राचार्यों व शिक्षकों को दिया गया उन्मुखीकरण प्रशिक्षण

**जशपुरनगर।** जिला कलेक्टर रोहित व्यास एवं ज़िला पंचायत के सीईओ अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन हेतु यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के अंतर्गत नगर के संकल्प शिक्षण संस्थान में एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्राचार्यो व हिंदी, संस्कृत, गणित एवं सामाजिक विज्ञान के शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित हुआ।

यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता ने प्राचार्यों को नेतृत्व क्षमता एवं व्यक्तित्व विकास के विषय पर प्रशिक्षित किया। मास्टर ट्रेनर संजय दास ने मां सरस्वती की वंदना के साथ शिक्षकों की ब्रेनस्टॉर्मिंग से प्रशिक्षण दिया। फिर खराब परीक्षा परिणाम के कारणों पर चर्चा हुई। इस प्रशिक्षण में न केवल प्राचार्यों के ज्ञान को ताजा किया गया, बल्कि उन्हें एक बार फिर यह याद दिलाया कि स्कूल के शैक्षणिक प्रगति का निर्धारण प्राचार्य के कुशल नेतृत्व पर निर्भर करता है। प्राचार्य न केवल विद्यार्थियों के भाग्य विधाता ही नहीं बल्कि वे पूरे विद्यालय के लिए एक रोल मॉडल होते हैं।



**इनकी रही उपस्थिति:** प्रशिक्षण कार्यक्रम में यशस्वी जशपुर के अवनीश पांडेय, मास्टर ट्रेनर्स संजय दास, राजेन्द्र प्रेमी, विजय साहू, अश्विनी सिंह, सुभाष चौरसिया, विनय कुमार मानिकपुरी, कुमुदिनी तिर्की, प्रभा चौहान, विंध्याचल शर्मा, दिलीप सिंह, भूमिका बाघव, कौशिल्या भट्टर, हितेंद्र साहनी उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बनाएं लक्ष्य

नोडल अधिकारी ने कक्षा 10वीं में अध्यापन कराने वाले व्याख्याताओं को केवल वेतन प्राप्त करने के उद्देश्य से नौकरी करने और कर्तव्यबोध के साथ सेवा देने के बीच का अंतर समझाया। उन्होंने बताया कि नौकरी में व्यक्ति मुख्यतः अपने दायित्वों की औपचारिक पूर्ति करता है, जबकि सेवा भाव से कार्य करने वाला शिक्षक विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को अपना लक्ष्य मानता है। वह अपने कार्य को मात्र रोजगार नहीं बल्कि समाज निर्माण की जिम्मेदारी समझकर करता है। माइंड मैपिंग के अंतर्गत बेहतर प्रोडक्टिविटी के साथ कंफर्ट जोन से निकलकर कैसे ग्रोथ जोन में आकर विद्यालयीन शिक्षा गुणवत्ता वृद्धि की जा सकती है।


PREMIER ACADEMY
सर्वश्रेष्ठ संस्थान
सच्चे परिणाम
TOPPERS की पहली पसंद PREMIER ACADEMY बिलासपुर
Directors
Dr. Ranit Gumber
Jayesh Gumber
ADMISSION OPEN FOR 2026-27
Offline Batch
DROPPER BATCH
NEET/IIT-JEE
FOR 12TH PASSED STUDENT
2 YEAR PROGRAM
CLASS-11th+12th
SCHOOL + COACHING
1 YEAR PROGRAM
CLASS-12th
SCHOOL + COACHING
FOUNDATION
CLASS
7th TO 10th
NEET 2024/25
में 70+ छात्र Govt. Medical College के लिए प्रवेशित
SAINI RANJAN DAS
AIIMS
BHUBANESWAR
S.MEENAL
JNM RAIPUR
GUNGUN SINGH
GMC Kanpur
RIYA MISHRA
GMC DELHI
BIRENDRA
GMC GWALIOR
SHIVAM SAHU
GMC JABALPUR
ASHUTOSH
PT. JNM RAIPUR
ADITYA KURREY
PT. JNM RAIPUR
SANDHYA SAHU
PT. JNM RAIPUR
RISHI SHEKHAR
CIMS BILASPUR
AKANKSHA
CIMS BILASPUR
REKHA
CIMS BILASPUR
LOKESH JAISWAL
GMC RAJNANDGAON
SHWETA
GMC RAJNANDGAON
PRIYANKA
GMC RAJNANDGAON
MAMTA NETAM
GMC JAGDALPUR
UPENDRA
GMC JAGDALPUR
CHANDRADEV
GMC AMBIKAPUR
GAGAN SINGH
GMC AMBIKAPUR
ANJANA BHAGAT
GMC AMBIKAPUR
NANDINI
GMC AMBIKAPUR
ARCHI SAHU
GMC AMBIKAPUR
SHRISHTI MINJ
GMC AMBIKAPUR
AISH RAJ
GMC AMBIKAPUR
SNEHA TIGGA
CCMC DURG
VOMESHWARI
CCMC DURG
C.G. BOARD ONLINE BATCH
स्कैन करें
ऑनलाइन क्लास ज्वाइन करने के लिए
हिन्दी माध्यम ऑनलाइन बैच
कक्षा 11th & 12th CG Board
PHYSICS
CHEMISTRY
MATHS
BIO
हिन्दी माध्यम / ENGLISH MEDIUM
Class 10th CG Board
MATHS
SCIENCE
SOCIAL SCIENCE
Class 10th Board Topper's
7 STATE RANK 98% MAOSAMI
7 STATE RANK 98% LEENA
8 STATE RANK 97.83% VIBHA
ABHYUDAY 97%
NEETU 96.4%
VED PANDIYA 96%
AKSHAT 95.6%
SHTAKSHI 94.6%
RISHIKA 94%
PAWNI PATEL 94%
ARUSHI 94.%
ANAMIKA 93.6%
RAGHAVAN 93.6%
NIMRIT 93%
PRERNA SAHU 97.2%
SAKSHI KASHYAP 97.2%
KUSUM SAHU 97%
SARITA PATEL 97%
GARIMA PAIKRA 97%
HIMANSHU SINHA 97%
DANESHWARI 96.8%
Main Branch - Gumber Complex, In Front Of Old High Court, Bilaspur
Mangla Branch - Bachpan School Campus, Opp. 36 Mall, Mangla Chowk Bilaspur
Sarkanda Branch - Beside Palm Enclave, Seepat Road, Sarkanda Bilaspur
8902987789
6260618880
Follow us on
@PREMIER_ACADEMY_CG

## खबर संक्षेप

### 4 माह से सोलर डुअल पंप बंद, स्कूल आंगनबाड़ी में पेयजल संकट

**बिहारपुर**। चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अवंतिकापुर के स्कूल परिसर में स्थापित सोलर डुअल पंप पिछले चार माह से बंद पड़ा है। जिससे विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत कार्यालय, उचित मूल्य दुकान तथा गौटियापारा के 500 से अधिक ग्रामीण पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के बाद समस्या और भी गंभीर हो गई है। विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में बच्चे पहुंच रहे हैं लेकिन परिसर में पेयजल की व्यवस्था नहीं होने से उन्हें पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। शिक्षकों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी पेयजल के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सोलर डुअल पंप से गौटियापारा के 500 से अधिक ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध होता था। पंचायत कार्यालय तथा उचित मूल्य दुकान के हितग्राही भी इसी पंप का पानी उपयोग करते थे। पंप बंद होने के कारण लोगों को दूर-दराज के जल स्त्रोतों से पानी लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या की शिकायत कलेक्टर जनदर्शन में की जा चुकी है। लेकिन अब तक संबंधित विभाग द्वारा पंप की मरम्मत की पहल नहीं की गई है जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है।

### जिला साहू संघ का निर्धारित कार्यक्रम के तहत सम्पन्न होगा चुनाव प्रक्रिया : दिनेश प्रसाद साहू

**अम्बिकापुर**। जिला साहू संघ सरगुजा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी दिनेश प्रसाद साहू ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि माह दिसम्बर 2025 में जिला संघ सरगुजा का चुनाव सम्पन्न किया जा रहा था, जो छ.ग. प्रदेश साहू सथ द्वारा स्थगित कर दिया गया था। जिला साहू संघ सरगुजा का कोई चुनाव कराने हेतु किसी व्यक्ति को अधिकृत नहीं किया गया था और न ही छ.ग. प्रदेश साहू सथ द्वारा निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया था। इसके बावजूद भी मुख्य निर्वाचन अधिकारी कन्हैया गुप्ता द्वारा स्थगन आदेश होने के बाद भी माह जून में जिला साहू संघ के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी घोषित कर दिए थे। छ.ग. प्रदेश साहू संघ को जानकारी हुई, तो छ.ग. प्रदेश साहू संघ द्वारा पर्यवेक्षक नियुक्त कर 21 जून को जिला साहू संघ की बैठक हुई, जिसमें छ.ग. प्रदेश साहू संघ के पर्यवेक्षक द्वारा कन्हैया गुप्ता निर्वाचन अधिकारी द्वारा नियुक्त पदाधिकारीगण के नियुक्ति को निरस्त कर चुनाव कराने हेतु तिथि घोषित की गई। जिला साहू संघ सरगुजा का चुनाव करने हेतु कार्यक्रम विवरण प्रस्तुत कर चुनाव सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया। सोशल मीडिया के माध्यम से शपथ ग्रहण आयोजन करने की जानकारी हुई। पूर्व में चुने गए पदाधिकारीगण का नियुक्ति निरस्त कर दिया गया है एवं चुनाव कराने हेतु कार्यक्रम विवरण अनुसार चुनाव सम्पन्न कराया जाना है। ऐसी स्थिति में शपथ ग्रहण किया जाना न्यायोचित नहीं है।

### राष्ट्रीय संत असंग देव महाराज का नगर आगमन नगरवासियों ने किया स्वागत



**रामानुजगंज**। रायपुर प्रवास के दौरान राष्ट्रीय संत असंग देव महाराज का नगर आगमन हुआ। उनके नगर पहुंचने पर नगर वासियों द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों ने संत का अभिनंदन किया। नगर में आयोजित स्वागत कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने पुष्पमालाएं अर्पित कर एवं पारंपरिक तरीके से राष्ट्रीय संत असंग देव महाराज का स्वागत किया। इस अवसर पर संत असंग देव महाराज ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में प्रेम, सद्भाव, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना का प्रसार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने, मानव सेवा को सर्वोपरि मानने तथा युवाओं को नैतिक मूल्यों से जोड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता से ही समाज में शांति और सद्भाव स्थापित किया जा सकता है। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि रामानुजगंज की पावन धरती पर राष्ट्रीय संत का आगमन नगर वासियों के लिए सौभाग्य की बात है। उनके आशीर्वचन समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं तथा लोगों को आध्यात्मिक एवं नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक करते हैं। इस दौरान कन्हैया लाल अग्रवाल, अरुण केसरी, शैलेश गुप्ता, सीताराम गुप्ता, धर्म प्रकाश केशरी, मुकेश जायसवाल, अमित गुप्ता, विकास गुप्ता, विजय तिवारी, अजय केसरी सहित बड़ी संख्या में नगरवासी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## पहाड़ी के किनारे स्थित ढोढ़ी पर निर्भर क्षेत्र के ग्रामीण

# शुद्ध पेयजल से वंचित हैं ग्राम पंचायत कोटागहना तुरियापारा के ग्रामीण


ढोढ़ी से पानी निकालती ग्रामीण महिलाएं।


पहाड़ के रास्ते पानी ले जाती महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

चौमुखी विकास के इस दौरान में आज भी जिले के कई ग्राम पंचायत विकास की बाट जो रहे है। प्रदेश में सरकारे बदलती रही लेकिन ग्रामीणों की तकदीर नहीं बदली और आज भी मूलभूत सुविधाओं से कोसो दूर है। कुछ इस तरह की स्थिति राजपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोटागहना के तुरियापारा की है। जहां आजादी के बाद से आज तक ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो सकी। ग्रामीण आज भी स्वच्छ जल के अभाव में ढोढी का पानी पीने को मजबूर है। ऐसा नहीं है ग्रामीणों ने पेयजल की समस्या से अधिकारियों को अवगत नहीं कराया है। बावजूद इसके ग्रामीणों की समस्या पर किसी ने ध्यान नहीं दिया जिसका खामियाजा गांव के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

**खास बातें**
- उबड़ खाबड़ रास्ते ढोढ़ी से पानी लाने को मजबूर महिलाएं
- बरसात के मौसम में कीचड़ से भर जाता है जल स्त्रोत

राजपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटागहना के तुरियापारा में आज भी ग्रामीणों को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। आजादी के 75 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद गांव के लोगों को शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी है। ग्रामीण, विशेषकर महिलाएं, रोजाना दूर पहाड़ी क्षेत्र में स्थित एक पुराने ढोढ़ी से पानी लाने को मजबूर हैं। तुरियापारा में पानी की समस्या इतनी गंभीर है कि गांव की महिलाओं को ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी रास्तों से उतरकर पानी भरने जाना पड़ता है। पानी से भरे मटके सिर पर रखकर खड़ी चढ़ाई चढ़ना उनकी रोजमर्रा की मजबूरी बन गई है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में यही जलस्त्रोत गंदगी और कीचड़ से भर जाता है, जिससे पानी का रंग और गुणवत्ता दोनों प्रभावित होते हैं। इसके बावजूद वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने के कारण पूरा गांव इसी पानी का उपयोग पीने और घरेलू कार्यों के लिए करता है। ग्रामीणों के बताया कि अन्य मौसम की अपेक्षा बरसात में उनकी परेशानी काफी बढ़ जाती है। बारिश के कारण एक मात्र उपयोग किए जाने वाले ढोढ़ी का पानी भी गंदा हो जाता है जो पीने योग्य नहीं होता। इसके अवाला ढोढी को ईट से जोड़ कर पक्का और सुरक्षित किया गया है लेकिन ढोढी की सफाई नहीं होने से हर समय बीमारी फैलने की संभावना बनी रहती है।ऐसे में गांव के लोग निस्तारण सहित पेयजल के लिए ढोढ़ी के पानी का उपयोग करने को मजबूर है।

### गांव में जल जीवन मिशन योजना फेल

ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत गांव में पानी की टंकी का निर्माण किया गया है तथा कई स्थानों पर स्टैंड पोस्ट भी लगाए गए हैं, लेकिन आज तक पाइपलाइन नहीं बिछाई गई। परिणामस्वरूप करोड़ों रुपये की योजना धरातल पर पूरी तरह सफल नहीं हो सकी और ग्रामीणों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि चुनाव के दौरान जनप्रतिनिधि गांव पहुंचकर पेयजल समस्या के समाधान के बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन चुनाव समाप्त होते ही गांव की समस्याओं को भुला दिया जाता है। पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता आज भी ग्रामीणों के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है।

### अनदेखी का लगाया आरोप

ग्रामीणों ने क्षेत्र में मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं कराने पर अनदेखी का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है जिले में आज अधिकांश ग्राम पंचायत की स्थित बेहतर हो गई है जहां पेयजल सहित सारी सुविधा उपलब्ध है परंतु ग्राम पंचायत कोटागहना के तुरियापारा का आज भी अनदेखी किया जा रहा है जिससे गांव का विकास नहीं हो पा रहा है। ग्राम पंचायत कोटागहना के उप सरपंच अनिल तिवारी ने भी गांव में पेयजल संकट की पुष्टि करते हुए कहा कि इस समस्या को कई बार अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष उठाया गया है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है।

### बीमारी का खतरा

बरसात के मौसम मे एक मात्र उपयोग किए जाने वाले ढोढ़ी का पानी भी गंदा हो जाता है जो पीने योग्य नहीं होता। ऐसे में गांव में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं होने से हर समय बीमारी का खतरा बना रहता है। गंदे पानी पीने से गांव में डायरिया बीमारी बढ़ने की संभावना बढ़ जाती है। पूर्व में भी बरसात के समय गांव के लोग गंदा पानी पीने से बीमार हो चुके है। इस तरह की स्थिति गांव में बरसात के दौरान ढोढ़ी का गंदा पानी के उपयोग करने से हर वर्ष होता है। बावजूद इसके आज तक शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं हो सकी। गांव में हर वर्ष उल्टी-दस्त से कई लोग पीड़ित होते है जिसका मुख्य कारण गंदा पानी है।

### किया जाएगा प्रयास

मामले की जांच कराई जाएगी तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और जनपद पंचायत के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई कर जल्द से जल्द ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

**-देवेंद्र प्रधान**, एसडीएम राजपुर

## होटल में शराब बिक्री करने के मामले में मैनेजर गिरफ्तार, गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



खरसिया रोड स्थित होटल मे लंबे समय से शराब बिक्री करने की मिल रही शिकायत पर आज संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने न सिर्फ होटल में दबिश दी बल्कि शराब बिक्री करने वाले मैनेजर को गिरफ्तार किया। साथ ही होटल से शराब बरामद किया। टीम ने होटल मैनेजर के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने आज सुबह खरसिया रोड स्थित होटल दीप में छापामार कार्रवाई कर होटल संचालक के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण कायम किया। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि लंबे समय से शिकायत मिल रही थी कि खरसिया रोड स्थित होटल दीप से अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। होटल में शराब बिक्री किया जा रहा है या नहीं इसकी तस्दीक के लिए एक क्रेता को शराब खरीदने के लिए सुबह होटल दीप भेजा गया। क्रेता ने दो पाव अंग्रेजी शराब खरीद कर लाया। होटल में शराब बिक्री करने की पुष्टि होने पर टीम द्वारा होटल दीप में छापामार कार्रवाई की गई। होटल का मैनेजर जुनैद अपने रूम में मौजूद था। होटल के रूम की तलाशी लेने पर शराब बरामद किया। होटल मैनेजर के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। साथ ही होटल मैनेजर जुनैद ने बताया कि यह दीप होटल पपिंदर सरदार का है। परंतु उनका इस अवैध शराब की बिक्री से कोई संबंध नहीं है। मैं ही पैसे की लालच में चोरी छिपे यह शराब बेचता था। उक्त कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई।

## सोना, हीरा के पार्सल के लालच में महिला ने गंवाए 1.53 लाख रूपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

इंस्टाग्राम में दोस्ती करना महिला को उस समय महंगा पड गया जब पुरुष दोस्त ने सोना और हीरा का पार्सल भेजने के नाम से महिला से 1 लाख 53 हजार की ठगी कर लिया। पीड़िता ने घटना की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक शहर के नमनाकला निवासी महिला की परिचय सोशल मीडिया इंस्टाग्राम के माध्यम से रवि कुमार अग्रवाल नामक व्यक्ति से हुआ। 15 जून को महिला इंस्टाग्राम के माध्यम से रवि कुमार अग्रवाल से बात की तो रवि कुमार ने लंदन में रहकर व्यवसाय करने की बात बताई और अपना व्हाटसअप नम्बर भी महिला को दिया। व्हाटसअप के माध्यम से दोनों अक्सर बात करने लगे। 17 जून को रवि कुमार अग्रवाल नामक व्यक्ति ने व्यवसाय में काफी मुनाफा होने की बात बताई और महिला को उपहार के रूप में गिफ्ट भेजने की बात कही। महिला ने गिफ्ट लेने से मना कर दी लेकिन रवि कुमार गिफ्ट में सोना व हीरा होने की बात कहते हुए दबाव बनाने लगा जिस पर महिला गिफ्ट लेने को तैयार हो गई। इसी बीच अज्ञात व्यक्ति का फोन आया और बताया कि कीमती पार्सल होने पर कस्टम चार्ज 27 हजार रूपए जमा करना पड़ेगा। महिला ने किसी लोखडे नामक व्यक्ति के खाते में पैसा जमा कर दिया। इसके बाद महिला से रूपए को डॉलर में बदलने 45 हजार रुपए टैक्स के नाम पर जमा करा लिया। महिला ने लंदन के रवि कुमार को पैसा भेज दिने की बात बताई। इस बीच रवि कुमार अग्रवाल नामक व्यक्ति ने उसे व्हाटसअप से एक टिकट भेजा और बताया कि वह पार्सल लेकर दिल्ली आ रहा है। साथ ही महिला से 81 हजार रूपए उसके खाते में जमा करने की बात कही जिस पर महिला ने पार्सल के लालच में रूपए खाते में जमा कर दी।

19 जून को पुनः रवि कुमार अग्रवाल नामक व्यक्ति ने 63 हजार रुपए की मांग की तो महिला ठगी करने की अंदेशा पर रुपए जमा नहीं की और घटना की शिकायत कोतवाली पुलिस से की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## राष्ट्रीय बालिका बेसबॉल स्पर्धा में बिश्रामपुर की बेटी चंचल ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

प्रतिभा, मेहनत और दृढ़ संकल्प के दम पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर की छात्रा चंचल सिंह ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर केवल सूरजपुर जिले नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है। कक्षा दसवीं की छात्रा चंचल सिंह ने सत्र 2024-25 में राजधानी दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय अंडर 17 बालिका बेसबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। उनके बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत टीम फाइनल तक पहुंची और सिल्वर मेडल जीतकर प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया।

- नेशनल अंडर 17 टूर्नामेंट में जीता सिल्वर मेडल

इस उपलब्धि के लिए लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर ने चंचल सिंह को 15 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आयोजित एक सम्मान समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने छात्रा को प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान कर उसके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा ने कहा कि चंचल सिंह की उपलब्धि सूरजपुर जिले की बेटियों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए तो राष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता



हासिल की जा सकती है। चंचल ने यह साबित कर दिया है कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं भी देशभर में अपनी पहचान बना सकती हैं। विद्यालय के प्राचार्य आशीष कुमार भट्टाचार्य ने कहा कि यह सम्मान केवल चंचल सिंह की मेहनत और प्रतिभा का सम्मान नहीं है, बल्कि प्रदेश की बेटियों को खेलों में आगे बढ़ने का उत्साह भी देगा। उन्होंने विश्वास जताया कि चंचल भविष्य में राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश और प्रदेश का नाम और अधिक रोशन करेंगी। सम्मान समारोह में क्रीड़ा अधिकारी एसके शुक्ला, विद्यालय की व्यायाम शिक्षिका शोभना रंजीत, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के आरएन पटेल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सूने मकान का ताला तोड़ चोरों ने पार किया नकदी सहित सोने चांदी के जेवर

**अम्बिकापुर**। ग्राम खजुरी स्थित एक सूने मकान में चोरों ने न सिर्फ धावा बोला बल्कि दरवाजे का ताला तोड़ कर अलमार में रखे नगद सहित लगभग 50 हजार कीमत के सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम खजुरी गवरडांड़ निवासी रामकेलेश्वरी दास पति स्व. सत्येंद्र दास (37 वर्ष) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 24 जून की रात लगभग 10 बजे भोजन कर पूरा परिवार घर के दरवाजे में ताला लगाकर पूरा परिवार पास ही मां के घर सोने चले गए। सुबह जब घर पहुंचे तो देखा दरवाजे में लगा ताला टूटा और कमरे में रखा अलमारी खुला व सामान बिखरे हुए थे। अलमारी की तलाशी ली तो पता चला की अलमारी में रखे नगद 30 हजार रूपए के अलावा लगभग 50 हजार कीमत के सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) के तहत अपराध दर्ज किया है।




## नालसा योजना अंतर्गत स्कूल में किया गया जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

नालसा योजना अंतर्गत विद्यालय में नशा मुक्ति एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में व्यवहार न्यायाधीश श्रीमती रुचि मिश्रा, व्यवहार न्यायाधीश आशीष भगत उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में कक्षा 8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य वक्ताओं ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि नशीले पदार्थों का सेवन व्यक्ति, परिवार एवं समाज के लिए अत्यंत हानिकारक है तथा इससे दूर रहना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। साथ ही विद्यार्थियों को किशोर न्याय अधिनियम के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई। वक्ताओं ने बच्चों के अधिकारों, उनकी सुरक्षा, संरक्षण एवं कानून द्वारा प्रदान किए गए विभिन्न प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा विद्यार्थियों को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति, बाल अधिकारों एवं कानूनी विषयों से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे। मुख्य वक्ताओं ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उनके प्रत्येक प्रश्न का उत्तर सरल एवं प्रभावी ढंग से दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि यदि उनके आसपास कोई व्यक्ति नशीले पदार्थों के सेवन, विक्रय अथवा किसी अन्य प्रकार की अवैध गतिविधि में संलिप्त दिखाई देता है, तो इसकी सूचना तुरंत अपने माता-पिता, विद्यालय प्रशासन, निकटतम पुलिस थाना अथवा संबंधित अधिकारियों को देनी चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. राहुल अग्रवाल, प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय, उप-प्राचार्य दीन दयाल तिवारी, समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने नशामुक्त भारत के निर्माण तथा जागरूक नागरिक बनने का संकल्प लिया।

### गांधी उद्यान को मूल स्वरूप में किया जाए विकसित

**अम्बिकापुर**। तरूनीर समिति के अध्यक्ष कैलाश मिश्रा ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कलेक्टर कार्यालय के सामने स्थित गांधी उद्यान को उसके मूल स्वरूप में विकसित करने की मांग की है।



ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि शासकीय अभिलेखों में खसरा क्रमांक 506 रकबा 5.68 एकड़ खुली भूमि गांधी उद्यान नगर निगम के नाम दर्ज है। शहर के देवीगंज मार्ग स्थित इस भूमि को राजस्व विभाग द्वारा 7 अप्रैल 1988 को जारी आदेश में ननि को हस्तांतरित करने का निर्देश दिया गया था। निर्देश पर यह भूमि 3 फरवरी 1989 को ननि को हस्तांतरित की गई थी। भूमि की लीज अवधि 31 मार्च 2018 तक थी जो समाप्त हो चुकी है। ननि द्वारा भूमि को उसके मूल स्वरूप गांधी उद्यान को विकसित न कर प्रदर्शनी, मीना बाजार एवं सर्कस के लिए किराए में दिया जा रहा है जो हस्तांतरण उद्देश्य के विपरीत है। उन्होंने शहर में उद्यान की आवश्यकता को देखते हुए भूमि को गांधी उद्यान के रूप में विकसित करने की मांग की है जहां हर आयु वर्ग के लोगों के पैदल घूमने एवं बच्चों को खेलने-कूदने की सुविधा उपलब्ध हो।

### जन्मदिन...


अम्बिकापुर। जाने-माने अधिवक्ता संजय अम्बष्ट का जन्मदिन उनके निवास स्थान में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उनके जन्मदिन पर बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

## संविधान हत्या दिवस पर लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान, संविधान और नागरिक अधिकारों की रक्षा का लिया गया संकल्प

**अंबिकापुर**। संविधान हत्या दिवस पर संकल्प भवन में आयोजित जिला स्तरीय सम्मेलन में वर्ष 1975 के आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले मीसाबंदियों एवं उनके परिजन को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में त्रिवेणी राम कश्यप, परमात्मा सिंह, विजय शंकर शुक्ला, श्रीमती देवेंद्र कौर, श्रीमती तारा देवी , किरण मिश्रा एवं श्रीमती मंजू सिंह शामिल हैं।



कार्यक्रम में सप्ताह में दो दिन अंबिकापुर से दिल्ली तक हवाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सांसद चिंतामणि महाराज का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में आपातकाल के दौरान अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, प्रेस की स्वतंत्रता एवं नागरिक अधिकारों पर लगाए गए प्रतिबंधों तथा लोकतंत्र की रक्षा के लिए लोकतंत्र सेनानियों द्वारा किए गए संघर्ष और बलिदान का स्मरण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए दिए गए उनके योगदान को देश सदैव कृतज्ञता के साथ याद रखेगा। मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने कहा कि वर्ष 1975 का आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय था, जब संविधान की भावना को कुचलकर नागरिक अधिकारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर कठोर प्रतिबंध लगाए गए। लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष और बलिदान से ही लोकतांत्रिक व्यवस्था पुनः स्थापित हो सकी। नई पीढ़ी को उस दौर की सच्चाई जाननी चाहिए ताकि लोकतंत्र की रक्षा के प्रति सदैव सजग रह सके। सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि लोकतंत्र केवल एक शासन व्यवस्था नहीं, बल्कि भारत की आत्मा है। आपातकाल के दौरान जिन लोगों ने कठिन यातनाएँ सहकर भी लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की, उनका संघर्ष आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। लोकतंत्र और संविधान की मर्यादा की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि संविधान हत्या दिवस केवल इतिहास को स्मरण करने का अवसर नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लेने का भी दिन है। आपातकाल की विभीषिका को कभी भुलाया नहीं जा सकता और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले सभी लोकतंत्र सेनानियों के प्रति समाज सदैव ऋणी रहेगा। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विनोद हर्ष तथा आभार प्रदर्शन अरुणा सिंह ने किया। इस दौरान महापौर मंजूषा भगत, जिपं अध्यक्ष निरूपा सिंह, सभापति हरमिन्दर सिंह टिन्नी, डॉ. अम्बिकेश केशरी, मधुसूदन शुक्ला, विकास पांडेय, दिनेश साहू, मधु चौदाहा सहित भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, लोकतंत्र सेनानी एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

### बाथरूम करने गए राजमिस्त्री की बाइक ले उड़े चोर

**अम्बिकापुर**। सड़क किनारे बाइक खड़ा कर बाथरूम करने गए राजमिस्त्री की बाइक को चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम अमगांव निवासी राजमिस्त्री दिलीप सिंह आ. सोहर (30 वर्ष) 21 जून को बाइक क्रमांक सीजी 15 ईसी 6319 से ग्राम डड़गांव गया था। दोपहर को घर आते समय जैसे ही भलुआ मोड़ के समीप पहुंचा तभी सड़क किनारे बाइक को खड़ा कर बाथरूम करने चला गया। कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(बी) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### ए-हेल्प पशु सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**जशपुरनगर।** ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को बढ़ावा देने एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आरसेटी जशपुर द्वारा आयोजित 15 दिवसीय ए-हेल्प पशु सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का 26 जून शुक्रवार को समापन हुआ। जिसमें 31 पशु सखी प्रशिक्षित हुए। अब तक जशपुर जिले में कुल 87 पशु सखी आरसेटी जशपुर से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके है। जिला कलेक्टर रोहित ब्यास, जिला पंचायत सी.ई.ओ अभिषेक कुमार के दिशा निर्देश में आयोजित इस कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन स्टेट कंट्रोरल अरुण सोनी, प्रतिनियुक्त ईडीपी मूल्यांकनकर्ता बी.एन. भगत एवं डोमेन मूल्यांकनकर्ता डॉ.गौरव कंकड़वाल ने किया। वहीं पशुओं की प्राथमिक देखभाल, टीकाकरण, पोषण प्रबंधन, मिश्रित पशु आहार, सामान्य बीमारियों की पहचान एवं उपचार भी किया गया। प्रशिक्षक डॉ खेमकरण सिंह सांडिल्य ने पशु सखियों को पशुओं की प्राथमिक देखभाल, टीकाकरण, पोषण प्रबंधन, मिश्रित पशु आहार, सामान्य बीमारियों की पहचान एवं उपचार संबंधी प्रेक्टिकल के लिए जिला उप पशु चिकित्सालय लेकर गए। यहां पशु लैब प्रभारी डॉ सी.एस.चंद्राकर, एवीएफओ पूरण धुर्वे ने पशु रोग अन्वेषण, प्रयोग शाला में नमूने गोबर, खून, मूत्र परीक्षण जांच की प्रक्रिया को बता कर समझाया। कोल्ड स्टोरेज प्रभारी एच.एल. भगत ने स्टोरेज की समस्त प्रविधियों को दिखाकर बताया। पशु हॉस्पिटल प्रभारी डॉ बिरेंद्र खाखा, डिप्टी डायरेक्टर डॉ एम.एस. बघेल के मार्गदर्शन में पशु से संबंधित समस्त कार्य एवं आवश्यक जानकारी प्रदान की गई । उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर प्रशिक्षित पशु सखियां पशुपालकों के लिए मददगार साबित होंगी तथा पशुधन संरक्षण व दुग्ध उत्पादन बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

## खनन प्रभावित क्षेत्रों को 26 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों को मिली मंजूरी

# ग्राम विजयपुर में बनेगा 100 बिस्तरों वाला सीनियर सिटीजन हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के खनन प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल और आधारभूत सुविधाओं को नई मजबूती देने के लिए जिला खनिज न्यास मद डीएमएफ से 26 करोड़ से अधिक की लागत के विभिन्न विकास कार्यों को मंजूरी प्रदान की गई है। इन कार्यों के स्वीकृति से जिले के हजारों परिवारों को सीधे लाभ मिलेगा। स्वीकृत कार्यों में सर्वाधिक 16 करोड़ 73 लाख 27 हजार रुपए की लागत से रायगढ़ शहर के विजयपुर क्षेत्र में 100 बिस्तरों वाले सीनियर सिटीजन हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर का निर्माण किया जाएगा। यह केंद्र वरिष्ठ नागरिकों को समर्पित आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएगा और जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा।

विशेष रूप से स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, पशुधन सेवाओं के सुदृढ़ीकरण तथा शिक्षा और पोषण संबंधी अधोसंरचना के विकास को नई गति मिलेगी। स्वास्थ्य अधोसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए लैलूंगा विकासखंड में मातृ एवं शिशु अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्र राजपुर, सलखिया, बगुडेगा, चोरंगा, पहाड़लुडेग, कुंजारा, मुडागांव, ढाप तथा लैलूंगा के निर्माण एवं उन्नयन के लिए 2 करोड़ 90 लाख 53 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसी प्रकार धरमजयगढ़ विकासखंड के गनपतपुर, खम्हार, सुपकालो, कटाईपाली, थिरियामा, बेहरामार, महाराजगंज, उदउदा, पखनाकोट तथा साजापाली स्वास्थ्य केंद्रों के विकास एवं उन्नयन हेतु 2 करोड़ 24 लाख 13 हजार रुपये मंजूर किए गए हैं।



### अस्पताल की सुधरेगी दशा

घरघोड़ा विकासखंड के कुडुमकेला, टेंडा, काया, चिल्कागुड़ा, चिमटापानी, डेहरीडीह, घरघोडी, कमतरा, अमलीडीह तथा बहिरकेला स्वास्थ्य केंद्रों के उन्नयन के लिए 2 करोड़ 19 लाख 71 हजार रुपये तथा तमनार विकासखंड के सरईपाली, उरबा, लिबरा, खम्हरिया, नूनदरहा, पडीगांव, सलिहाभांठा, समकेरा, सलिहारी एवं हमीरपुर क्षेत्रों के स्वास्थ्य केंद्रों के विकास कार्यों के लिए 2 करोड़ 18 लाख 34 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन सभी कार्यों पर कुल 9 करोड़ 52 लाख 71 हजार रुपये से अधिक की राशि व्यय की जाएगी।

### पीने की पानी की नहीं होगी दिक्कत

ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भी कई महत्वपूर्ण कार्यों को स्वीकृति दी गई है। लैलूंगा विकासखंड के बरडीह में 9 लाख 26 हजार रुपए गंजपुर में 9 लाख 14 हजार रुपए, तोलगे में 8 लाख 95 हजार रुपए, हीरापुर में 8 लाख 12 हजार रुपए, रेगड़ी में 5 लाख 55 हजार रुपए तथा फुलीकुण्डा में 5 लाख 41 हजार रुपए की लागत से नलकूप खनन एवं पंप स्थापना के कार्य किए जाएंगे।

## शाला प्रवेशोत्सव

# सेवानिवृत्त व सेवारत कर्मचारियों का सम्मान

**जशपुरनगर।** विकासखंड मनोरा में खंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव विधायक जशपुर रायमुनी भगत के मुख्य अतिथि में मनाया गया। इसी क्रम में विकासखंड मुख्यालय स्थित जनपद प्राथमिक शाला मनोरा के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शाला स्थापना के शताब्दी समारोह का आयोजन भी किया गया। जिसमें उक्त विद्यालय में अध्ययन कर चुके सेवानिवृत्त एवं वर्तमान सेवारत कर्मचारियों का प्रधानपाठक बेंजामिन एक्का के नेतृत्व में विधायक ने शॉल, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

शताब्दी समारोह के पश्चात पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी-हिंदी माध्यम विद्यालय मनोरा के सभागार में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के तहत कक्षा 1 ली के 5 वीं, 6 वीं के 5 एवं कक्षा 9 वीं के 5 नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर, मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया गया। नवप्रवेशियों को पाठ्य पुस्तक, गणवेश वितरण के साथ ही कक्षा नौवीं में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशी छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत साइकिल का वितरण किया गया। प्रवेश उत्सव को यादगार बनाने के लिए शिक्षिका मंजुला झा द्वारा सभी नव प्रवेशी छात्रों के हथेलियों का निशान सफेद कपडे पर ली गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने उस कपड़े पर अपने हस्ताक्षर भी किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में एबीईओ जगतपाल, सेजेस मनोरा के प्राचार्य, मनोज सिंह मंडल संयोजक, प्रधान पाठक प्रवीण कुमार पाठक, अधीक्षक विनोद भगत, विपिन विकास खरे, पीओ उल्लास, सीएसी प्रेमलाल बर्मन सहित समस्त संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयकों, कार्यालयीन कर्मचारियों, संस्था के शिक्षकों का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष शर्मा बीआरसी मनोरा के द्वारा किया गया।

### शिक्षा जीवन का आधार : रायमुनी



विधायक जशपुर रायमुनि भगत ने सभा को संबोधित करते हुए कहा शिक्षा ही जीवन का आधार है। शिक्षा से मनुष्य का सर्वांगीण विकास होता है। अतः सभी अभिभावक अपने बच्चों का नामांकन अपने पास के विद्यालय में अवश्य कराएं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी तरुण कुमार पटेल ने स्वागत उदबोधन में कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन व बच्चों का शाला में स्थायित्व बनाने पर सभी का ध्यान केंद्रित किया।

# शिक्षा ही सफलता की असली सीढ़ी : यादव

**जशपुरनगर।** पत्थलगांव विकासखंड के ग्राम कुम्हाढाब के शासकीय प्राथमिक शाला में शनिवार को हर्षोल्लास से 'शाला प्रवेश उत्सव' मनाया गया। इस दौरान स्कूल पहुंचे नव प्रवेशी बच्चों का जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने तिलक लगाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय बीडीसी रमेश कुमार यादव ने कहा कि शिक्षा ही सफलता की असली सीढ़ी है। बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें और आगे चलकर अपने माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन करें।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पत्रकार राहुल बरेठ एवं अरुण होता मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में स्कूल स्टाफ और ग्रामीणों ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। अतिथियों ने बच्चों को नए गणवेश, पाठ्य पुस्तकें और मिठाइयां देकर उनका हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम का शुभारंभ



अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण, पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद स्कूल परिसर में पहुंचे 11 नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाया गया। अतिथियों ने बच्चों को नए गणवेश, पाठ्य पुस्तकें और मिठाइयां देकर उनका हौसला बढ़ाया। बच्चों को नियमित स्कूल आने के लिए प्रोत्साहित करते हुए अतिथियों द्वारा पेन भी बांटे गए। शिक्षकों ने बताया कि प्राथमिक शाला कुम्हाढाब में वर्तमान में कुल 47 बच्चों की दर्ज संख्या है। जिसमें इस सत्र में 11 नए बच्चों ने दाखिला लिया है।

Vagina Tightening
(सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी)
by
फ्रैशनल लेजर द्वारा
Fat Injection
(महिलाएं व पुरुष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सैंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
एडवांस यूरोलॉजी एवं यूरो सर्जरी विभाग
• मूत्राशय, किडनी एवं प्रोस्टेट के कैंसर का इलाज
• पेशाब की धार कमजोर होना
• पेशाब के रास्ते की जन्मजात विकृति का इलाज
• यूरिनरी ब्लेडर में पथरी की समस्या का इलाज
• किडनी स्टोन संबंधी समस्या का इलाज
• किडनी एवं मूत्र संबंधी सभी समस्याओं का निराकरण
• सभी प्रकार की यूरोलॉजी सर्जरी
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान





डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

